## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–**20 सितंबर** 2026 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखनऊ, आगरा समेत देश के 51 हजार युवाओं को वर्चुअल माध्यम से सौंपे नियुक्ति पत्र। कहा– विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण है युवाओं की भूमिका।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 818 युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र। कहा– अगले छह महीने के अंदर एक लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र देने की है तैयारी।
- रेलवे ने उत्तर पूर्व रेलवे के लखनऊ खंड में 600 किलोमीटर से अधिक रूट पर **कवच फोर प्वाइंट ओ** लगाने की दी मंजूरी।
- सेवा संकल्प अभियान के तहत मेरठ में हुआ एयर शो। हॉक जेट की कलाबाजियों ने दर्शकों को किया रोमांचित।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया है। श्री मोदी ने कल लखनऊ और आगरा सहित देशभर के 45 स्थानों पर आयोजित 20वें रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी संगठनों में 51 हजार से अधिक नव चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार पिछले कुछ वर्षों से युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए आवश्यक कौशल और अवसर उपलब्ध कराने पर लगातार ध्यान दे रही है।

***देश के 51 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी सेवा के लिए नियुक्ति पत्र मिल रहे हैं। मैं आप सभी युवा साथियों को और आपके परिवारजनों को बहुत–बहुत बधाई देता हूं। आप सभी एक ऐसे समय में भारत सरकार से जुड़े हैं, जब देश एक बहुत बड़े लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है, और ये लक्ष्य है– 2047 तक विकसित भारत बनाने का।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर तेजी से उपलब्ध कराने के लिए भी काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कुछ वर्षों में करीब 40 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे देश के युवाओं के लिए अवसरों के नए द्वार खुल रहे हैं।

***भारत ने बीते कुछ वर्षों में करीब 40 देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भी किए हैं। ये फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स–एफटीए, हमारे युवाओं के लिए संभावनाओं के नए द्वार बना रहे हैं। इस तरह के ट्रेड एग्रीमेंट्स से हमारे एंटर प्रेन्योर्स के लिए नई पार्टनरशिप के रास्ते खुलते हैं।***

इसी क्रम में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह शामिल हुए। उन्होंने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में 167 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के लिए सबकी सहभागिता की आवश्यकता है।

***हम लोग विकसित भारत 2047 की बात करते हैं। उसे सबकी सहभागिता की जरूरत है। सबका को ऑपरेशन की जरूरत है। सबकी मेहनत की जरूरत है और सबकी सोच की जरूरत है।***

आगरा में केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल ने कहा कि रोजगार देने का कार्य पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा किया जा रहा है।

***20वें रोजगार मेले में 1275000 लोग पहले ही पा चुके हैं और 45 स्थानों पर 51000 लोगों को विभिन्न विभागों में प्रधानमंत्री जी ने नियुक्ति पत्र दिया है और सभी बच्चों से जो मैं बात कर रहा था, इसमें सभी लोगों ने यही कहा है कि 100ः पारदर्शिता के साथ लिखित के आधार पर बिना इंटरव्यू के उनकी नौकरी लगी है।***

प्रयागराज में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश की युवा शक्ति को मजबूत बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर कार्य कर रहे हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन सेवा से देश सेवा के मंत्र और निरंतर प्रतिबद्धता से परिभाषित सार्वजनिक सेवा के 25 वर्ष पूरे कर रहे हैं। सेवा और सुशासन के इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, सरकार 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। आकाशवाणी समाचार सेवा संकल्प अभियान पर विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम जानेंगे प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से देश के कमजोर जनजातीय समूहों के जीवन में आए बदलावों के बारे में।

***प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान यानी पीएम–जनमन एक केंद्रित मिशन है, जिसका उद्देश्य भारत के कमजोर जनजातीय समूह को विकास से जोड़ना है। यह योजना विकास को आजीविका और आर्थिक अवसरों से भी जोड़ती है। इसके तहत 24000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी गई है। योजना के तहत जून 2026 तक, 2.67 लाख पक्के मकान पूरे हो चुके हैं, 8,473 गांवों में 100 प्रतिशत पाइप से पानी की आपूर्ति हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएम जन मन योजना के जरिए होने वाला विकास आदिवासी समाज को प्रगति के समान अवसर दे रहा है। बाइट.....***

*पीएम जनमन योजना के जरिए आज देश के उन आदिवासी इलाकों में भी विकास पहुंच रहा है जो सबसे पीछे छूट गए थे। कोई पूछने वाला नहीं था।*

*गोरखपुर जनपद के ग्राम जंगल तिनकोनिया के राम गणेश ने बताया कि पीएम जनमन योजना से उनके गांव की तस्वीर बदल गई है। बाइट.....*

***पीएम जन मन योजना के तहत लाभ मिला है जो कि हमारे गांव में कभी ना तो पानी मिलता था, ना बिजली मिलता था, ना तो राशन कार्ड मिलता था, ना तो हम लोग को मकान मिलता था। 2017 के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है तो उसमें हम लोग को प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास और बिजली आई। यह योजना कमजोर आदिवासी समुदायों को भारत के विकसित भारत की यात्रा के केंद्र में रखती है। गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन रोजगार के अंतर्गत कल लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न विभागों में नव चयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अब तक साढ़े 9 लाख नौजवानों को नियुक्ति दी है और अगले छह महीने के अंदर एक लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र देने जा रहे हैं।

*100000 से अधिक नौजवानों को अगले 6 महीने के अंदर यह नियुक्ति पत्र वितरण के कार्यक्रम के साथ हम जोड़ेंगे। क्योंकि मुझे मालूम है। यह प्रतिभाशाली युवा जब यूपी की ताकत बनेगा। तो यूपी भारत की नंबर वन इकोनामी के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा। नए अवसर पैदा होंगे। हर एक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के रूप में अपना स्थान बनाएगा।*

**********

रेलवे ने उत्तर पूर्व रेलवे के लखनऊ खंड में 600 किलोमीटर से अधिक रूट पर कवच **फोर प्वाइंट ओ** लगाने को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की लागत 250 करोड़ रुपये से अधिक है। एक रिपोर्ट

***रेल मंत्रालय ने कहा कि स्वीकृत परियोजना खंड के चिन्हित शेष हिस्सों में कवच 4.0 का विस्तार करेगी। इससे रेल परिचालन के लिए उपलब्ध सुरक्षा अवसंरचना और मजबूत होगी। कवच देश में ही विकसित स्वचालित रेल संरक्षण प्रणाली का नवीनतम और सबसे उन्नत संस्करण है, जिसे परिचालन सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह प्रणाली खतरे के बिन्दु पर आवश्यकतानुसार अपने–आप ब्रेक लगाकर सिग्नल पार करने से रोकने में सहायता करती है। यह रेल के परिचालन पर निगरानी रखकर सुरक्षित यातायात में सहायक है। इसे परिचालन फीडबैक और स्वतंत्र सुरक्षा आकलनों के आधार पर निरंतर तकनीकी अपग्रेड के माध्यम से विकसित किया गया है। समाचार कक्ष से विवेक सिंह।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत दर्शन कार्यक्रम के अन्तर्गत देवप्रयाग, उत्तराखण्ड से शैक्षिक भ्रमण पर उत्तर प्रदेश आए मेधावी विद्यार्थियों से कल लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर संवाद किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों के आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा ऐसे टूर देश–प्रदेश, समाज, विरासत व दुनिया की वस्तुस्थिति जानने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**********

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रदेश में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मेरठ के मोहिउद्दीनपुर स्थित न्यू इंटीग्रेटिड टाउनशिप में कल एक एयर शो का आयोजन किया गया। आयोजन में शामिल होने के लिए हिंडन एयरबेस से उड़ान भरकर नौ हॉक जेट विमान मेरठ पहुंचे और प्रदर्शन किया। सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम में मेरठ के तीन स्क्वाड्रन लीडर भी शामिल रहे।

**********

प्रदेश के कई जनपदों में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है।

**********